अमर उजाला

Una News: नकली शराब फैक्ट्री के मुख्य संचालक को ऊना लाई पुलिस

ऊना। हरोली क्षेत्र के अमराली में स्थित एक शराब की फैक्ट्री में नकली शराब बनाने के मामले में पुलिस ने मुख्य संचालक को गिरफ्तार कर ऊना लाया है। आरोपी मुकेश सांगवान हरियाणा की जेल में बंद था। हरोली पुलिस उसका प्रोडक्शन वारंट हासिल कर यहां लाई है।
जानकारी के मुताबिक यह मामला वर्ष 2024 में सामने आया। आबकारी विभाग की ओर से शिकायत देने पर पुलिस थाना हरोली में मामला दर्ज हुआ। पुलिस ने पहले शराब फैक्ट्री के एक मुख्य कारोबारी अनिल कुमार को गिरफ्तार किया। अनिल की गिरफ्तारी के बाद उसके सारे साथी फरार हो गए। इनकी काफी समय से पुलिस तलाश कर रही थी। मामले की जांच को आगे बढ़ाते हुए हरोली पुलिस की एक टीम उपनिरीक्षक चेतन सिंह की अगुवाई में राजस्थान गई। जहां से घटना के एक अन्य आरोपी कृष्ण कुमार को गिरफ्तार करके हरोली पहुंचाया गया। अब घटना के मुख्य आरोपी मुकेश सांगवान को हरियाणा से प्रोडक्शन वारंट पर लाकर गिरफ्तार किया गया। उसे मंगलवार को अदालत में पेश कर तीन दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। फैक्ट्री में किस तरह नकली शराब बनाई जाती थी और घटना में कौन-कौन शामिल हैं, इस बारे में आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

Source: https://www.amarujala.com/himachal-pradesh/una/police-brought-the-main-operator-of-fake-liquor-factory-to-una-una-news-c-93-1-ssml1048-144568-2025-01-29